पौड़ी में खराब पड़ी टेलीफोन लाइनें

2344. **श्री मनोहर कान्त ध्यानी** : क्या **संचार मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत पौड़ी कांसखेत में अधिकांश टेलीफोन लाइनें घने जगलों से गुजरने के कारण खराब पड़ी रहती हैं जिससे उपभोक्ताओं को बड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है ;

(ख) क्या इन लाइनों को माइक्रोवेव से जोड़ने का कोई प्रस्ताव है ;

(ग) यदि हां, तो कब तक ; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

संचार मंत्री (श्री वैनी प्रसाद वर्मा) : (क) जी हां। पौड़ी-कांसखेत जंक्शन लाइन, 25 कि० मी० की दूरी तक ओवरहेड एलाइनमेंट पर एक फिजिकल पैयर पर घने जंगल से होकर गुजरती है। जब कभी भी, भूस्खलन, पेड़ गिरने अथवा दुर्घटना इत्यादि के कारण जंक्शन लाइन क्षतिग्रस्त होती है, इसे तुरंत ठीक किया जाता है।

(ख) से (घ) पौड़ी कांसखेत के बीच माइक्रोवेव संपर्क स्थापित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है, क्योंकि इन दोनों केन्द्रों के मध्य "लाइन आफ साइट" उपलब्ध नहीं है। तथापि, वर्ष 1998–99 के लिए कांसखेत में, एक मल्टी चैनल पर कैरियर वेरी स्माल अपर्चर टर्मिनल (एम सी पी सी वी एस ए टी) उपग्रह प्रणाली की योजना बनाई गई है।

दरभंगा में डाकघर खोला जाना

2345. **श्री रामगोपाल यादव** : क्या **संचार मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि संसद-सदस्यों तथा क्षेत्र के स्थानीय लोगों से ग्राम त्रिमुहानी घाट, जिला दरभंगा, बिहार में डाकघर खोलने के संबंध में कई ज्ञापन प्राप्त हुए हैं ;

(ख) क्या सरकार ने वहां डाकघर खोलने के औचित्य का मूल्यांकन किया है ;

(ग) क्या बहुत लम्बे समय पहले लिये गये सरकार के उक्त निर्णय के बावजूद वहां अब तक डाकघर नहीं खोला गया है;

(घ) क्या सरकार उक्त स्थान पर अतिशीघ्र डाकघर खोलने का विचार रखती है ; और

(ङ) यदि हां, तो उसकी समय-सीमा क्या है, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

संचार मंत्री (श्री वैनी प्रसाद वर्मा) : (क) और (ख) जी हां। दरभंगा जिले के त्रिमुहानी घाट ग्राम में शाखा डाकघर खोलने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ और विभाग द्वारा उसका मूल्यांकन किया गया।

(ग) यह डाकघर अभी खोला नहीं गया है।

(घ) और (ङ) जी हां, डाकघर संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर खोले जाते हैं।

Cellular phone service in Jharkhand

2346. SHRI GYAN RANJAN: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) the names of the companies to whom licences have been issued by the Department of Telecommunications for providing cellular phone service in the Jharkhand region of Bihar;

(b) what are the reasons for not providing cellular telephone services by these companies so far; and

(c) whether Government would consider cancelling their licences in